दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
# मेरठ दर्पण
वर्षः 06 अंक 16 मेरठ, गुरुवार 29 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# बारिश ने दिखाई शहर की बदहाल तस्वीरें

## बारिश से बदहाल थाना कंकरखेड़ा, पुलिसकर्मियों के मकानों में घुसा पानी










**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उमस भरी गर्मी के बाद कल रात से हो रही बारिश से जहां लोगों को रहत मिली है तो वहीं बारिश ने शहर की बदहाल तस्वीरें भी दिखाई है। नालों व वर्षा के पानी की निकास व्ध्यवस्ध्था न होने से शहर की सड़कें पानी से लबालब नजर आई। नगर निगम की व्ध्यवस्ध्था व सफाई योजनाओं की एक बार फिर पोल खुल गई। पानी के भरने से लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो गया। वहीं कई क्षेत्रों में तो घरों के अंदर भी पानी भरने की स्थिति आ गई। शहर ही नहीं आसपास के देहात क्षेत्रों में भी जलभराव की समस्या रही। वहीं दूसरी और शहर के विभिन्न इलाकों में पानी भरने से हालात बद से बदतर नजर आए। लेकिनह्नकंकरखेड़ा थानाह्नकी स्थिति सबसे ज्यादा खराब मिली। यहां पर रहने पुलिस कर्मियों के घरों में बरसात का पानी भर गया। हालातों से निपटने के लिए एक पुलिसकर्मी को तोह्नछुट्टीह्नतक लेनी पड़ी।ह्न यह हकीकत है जो नगर-निगम के उन दावों की पोल खोल रही है जो हर बरसात से पहले किए जाते है। शहर में तो नालों की सफाई नही होने से जलभराव की स्थिति बनती है लेकिन थाना कंकरखेड़ा तो ऐसी जगह है जहां पर खुला इलाका है और जलभराव जैसे हालात कम ही नजर आते है। थाना कंकरखेड़ा में पुलिस अपनी ड्यूटी किस तरह कर रही है इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। वही थानें के कैंपस में रहने वाले लोगो ने वहां के हालात अपनी जुबां से बयां किए। थाना परिसर में ही रहने वालीह्नपुलिसकर्मी गीताह्नने बताया कि वह सदर थानें में तैनात है लेकिन कई सालों से कंकरखेड़ा थाना परिसर में रह रही है। हर साल बरसात के मौसम मे ऐसे ही हालातों का सामना करना पड़ता है। जरा सी बरसात होते ही उनके घर में पानी भर जाता है, बुधवार को हालात ज्यादा खराब हो गए। घर में पानी भरने के कारण वह छुट्टी लेने को मजबूर हो गई है, दिन भर पानी निकालनें की कवायद जारी रही, खाना भी नही बना सकी और पड़ोसियों के यहां पर खाना पड़ रहा है, अब थाने के कैंपस से जानें का मन बना लिया है क्योंकि हर बार होने वाले नुकसान को कबतक सहन करेगी। थानें के ऑफिस में भी जल भराव देखा गया, यहां पर अपनी फरियाद लेकर आनें वाले लोगो को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## भारी बारिश से बिजली का पोल ढहा, कासमपुर जानें वाला रास्ता कई घंटों बाधित रहा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मंगलवार रात से शुरू हुई बरसात बुधवार तक भी जारी रही। बरसात के कारण भारी भरकम बिजली का पोल भी ढह गया जिस कारण कासमपुर का रास्ता कई घंटों तक बाधित रहा। बिजली विभाग के अफसरों ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।ह्नबुधवार को कासमपुर को जानें वाले रास्ते पर बिजली का भारी भरकम पोल बरसात के कारण ढह गया। इस कारण कई घंटों तक आवाजाही बंद रही। मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंताह्नह्नदिपांशुह्नह्नसहायह्नने बताया कि बरसात के कारण पोल के नीचे की मिट्टी बह गयी और पोल नीचे गिर गया। गनीमत रही कि हादसें में कोई हताहत नही हुआ। इलाके में बिजली की सप्लाई दूसरी तरफ से शुरू कर दी गई है लेकिन रास्ता बंद हो गया है जिससे आवाजाही ठप्प हो गई। पोल को फिर से ठीक करा कर लगा दिया जाएगा।ह्नह्न

## नाले में गिरी चलती कार,लोगों की सजगता से बची दो की जान




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के कासमपुर नाले में चलती कार गिर गई। बारिश की वजह से नाला और सड़क में भरा पानी का लेवल एक हो गया था। जिसका पता कार चालक को नहीं चला। जिस वजह से पुल के ऊपर नाले की टूटी दीवार चालक को दिखाई नहीं दी और कार नाले में गिर पड़ी। घर के बाहर खड़े लोगों ने कार को गिरता देखा तो शोर मचा दिया। भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई और लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए नाले में उतरकर कार की खिड़की खोली और उसमें सवार दोनों युवकों को सकुशल बाहर निकाला। साथ ही क्रेन को बुला कर कार को बाहर खींच लिया गया।

## खम्भे में उतरा करंट, चार पालतू जानवरों की मौत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा वार्ड 23 में स्थित बदाम मंडी में सुबह से ही तेज बारिश होने से पानी भरा होने के कारण खंभे में करंट उतर आया वहां से गुजरने वाले कुछ क्षेत्रवासी भी इस हादसे का शिकार होने से बच गए परंतु वहां से गुजरने वाले 4 पालतू जानवरों को करंट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पार्षद राजेश खन्ना ने वहां पहुंचकर बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत कराया और मृतक जानवरो के मालिक के लिए उनसे उचित मुआवजा दिलवाने के लिए मांग की और एएसएन और एसडीओ ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करा कर पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा और तुरंत इस करंट की समस्या को खत्म करने के लिए जेई ओर एसडीओ ने अपने कर्मचारियों को भेजा और उस समस्या को खत्म करने के लिए आदेश दिया।









# सपा नेता ने की गाजीपुर बॉर्डर पर राकेश टिकैत से मुलाकात



**दिल्ली (एजेंसी)।** गाजीपुर बॉर्डर दिल्ह्ली मे किसान आन्दोलन में पहुँच कर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने सपा नेता किशोर वाल्मीकि के नेतृत्व में किसानों के नेता राकेश टिकैत से मुलाकात करी ओर किसानों आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया इस मौके पर सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने राकेश टिकैत से आशीर्वाद लिया और आगामी रणनीति पर चर्चा की किशोर वाल्मीकि ने कहा कि लगातार 8 महीने से दिल्ली के विभिन्न बॉर्डर पर बैठे हुए किसानो की बात केन्द्र की मोदी सरकार व राज्य की योगी सरकार नहीं सुन रही करीब 600 से ऊपर किसान शहीद हो चुके हैं आने वाले समय में किसान भाई प्रदेश की योगी सरकार व केन्द्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे प्रदेश में समाजवादी की सरकार बनते ही विधेयक लाकर षि कानूनों को रद्द किया जाएगा। इस मौके पर सपा नेता गौरव प्रधान काजीपुर, रितिक शर्मा, बॉबी सेन, नकुल स्याल, सादाब सैंफी आसिफ चौहान आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी प्रभाकर चौधरी की नई पहल, सभी कॉलोनियों में लगवाए रिश्वतखोरी के खिलाफ नोटिस



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने जबसे मेरठ के चार्ज संभाला है उसी दिन से रोज नए नए आदेश पारित करते जा रहे हैं जो जनता के हित मे भी हैं और कानून को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करने में भी बहुत मद्त मिल रही है। इसी को आगे बढ़ाते हुए आज पुलिस कर्मी कई कॉलोनियों में नोटिस चिपकते हुए और जनता को जागरूक करते हुए नजर आए, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शर्मा नगर कश्वलोनी में भी कुशल पाल सिंह, फैंटम 11/6 ने लोगों को जानकारी दी जिसमें उन्होंने बताया कि अगर कोई भी पुलिसकर्मी आपसे किसी भी कारण से चाहे आपके पासपोर्ट बनवाने, चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने, शस्त्र लाइसेंस बनवाने, एफआइआर पंजी त करवाने या किसी और कारण आपसे अवैध धन की मांग करता है तो उसकी शिकायत गुप्त रूप से 8077974308 इस नम्बर पर व्हाट्सअप या काल द्वारा दें जिससे उस पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्यवाही हो सके।

## वाहन चालकों को किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक



**विपुल जैन**

**मेरठ दर्पण-बागपत।** परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह का बुधवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, इसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत एवं संभागीय निरीक्षक प्राविधिक विनय कुमार ने टेंपो, टैक्सी यूनियन एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के लोगों व 58 व्यवसायिक लाइसेंस धारकों व वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियम बताएं और उनका पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके अलावा उन्होंने कोविड-19 से बचाव के प्रति भी लोगों को जागरूक किया और सड़क सुरक्षा साहित्य का वितरण किया।

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विवेक कुमार को पंजाब में किया गया सम्मानित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पंजाब के मानसा जिले में कारगिल शहीद सरदार निर्मल सिंह जी की माता जहांगीर कोर को आर्थिक सहायता करने एवं उनके घर निर्माण में सहयोग करने के लिए बाफर गांव निवासी विवेक कुमार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पंजाब के मानसा जिले में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद मानसा के एसएसपी श्री सतनाम सिंह जी ने बोलते हुए कहा कि दूसरे प्रदेश से आकर कारगिल शहीद की माता की सहायता करके विवेक कुमार जी ने एक ऐतिहासिक कार्य किया है इससे बाकी युवाओ को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्री मनजीत सिंह जी ने विवेक कुमार एवं समस्त मेरठ जनपद को बधाई दी। विवेक कुमार जी ने जब न्यूज चौनल्स के माध्यम से पिछले साल यह देखा था कि कारगिल युद्ध शहीद की 85 वर्षीय माता जी मजदूरी करके अपना गुजारा कर रही है तो वो सीधे पंजाब उनकी सहायता करने पहुँच गए थे। उनका घर, खर्च, शहीद स्मारक की देखभाल इत्यादि के लिए विवेक कुमार ने उनकी मदद की थी। इस सम्मान पर सुभारती विश्वविद्यालय के संस्थापक डा. अतुल ष्ण एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज ने भी विवेक कुमार को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 64वें दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी रहा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन मेरठ ने धरना स्थल की वाटरप्रूफिंग । सिवाया टोल प्लाजा की छत लगातार चू रही है इस विषय में भाकियू मेरठ ने अनेको बार मौखिक शिकायत टोल प्रबंधन तक पहुंचाई भी पर कोई समाधान नही निकला, बीती रात टोल प्लाजा पर तैनात भाकियू कार्यकर्ताओ को टपके से बचकर बैठकर रात गुजारनी पड़ी, पर भाकियू के कार्यकर्ताओ ने टोल धरना जारी रखा । आज रूपरेखा बनाकर धरने की लाइन मे तिरपाल लगाकर बरसात से बचने की व्यवस्थाओ मे ही दिन बीत गया । सरकार किसानो पर चाहे कितने भी सितम कर ले पर जब तक काले कानून वापस नही होंगे तब तक किसान मैदान मे तैनात रहेगा ।

## बड़ौत में श्मशान घाट के सामने बनेगा कट



**विपुल जैन**

**मेरठ दर्पण-बागपत।** भाजपा सांसद डॉक्टर सत्यपाल सिंह ने काफी दिनो से व्यापारियो की चल रही मांग को गंभीरता से लिया है और संबंधित अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। व्यापार मंडल बड़ौत के नगर अध्यक्ष मनोज जैन मसाले वालों ने बताया कि शव को श्मशान ले जाने के लिए श्मशान घाट बड़ौत के सामने एनएचएआई के बीच डिवाइडर में कट की मांग की जा रही थी। उनकी इस मांग को सांसद डॉ सत्यपाल सिंह ने काफी गंभीरता से लिया और जैन समाज के मुख्य लोगो के सामने ही एनएचएआई के अधिकारियो को मौके पर ही बुलाकर उन्हें कट देने के लिए निर्देशित किया। इसको लेकर बड़ौत नगर के जैन समाज एवं मुख्य व्यापार संगठन के लोगो ने सांसद का फूल- मालाओ से स्वागत कर उन्हें धन्यवाद दिया। इस मौके पर व्यापार मण्डल के प्रदेश मन्त्री नवीन जैन बब्बल, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप ठाकुर, राजन जैन, करण कण्डेरा, सजंय जैन बल्ब वाले , डाक्टर पुष्पेन्द्र तोमर टीवीएस, सार्थक जैन, संदीप टीटू, कपिल वैधवान, अकिंत जैन डब्बू, कृष्ण जिन्दल, हर्ष आर्य, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर एनवायरमेंट क्लब की टीम ने किया पौधारोपण




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एनवायरमेंट क्लब की ओर से विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर प्रताप विहार और द्वारकापुरी, माधवपुरम दिल्ली रोड में पौधरोपण किया गया। क्लब की टीम ने जामुन, सहजन, बेलपत्र के पौधे रोपे। क्लब के संस्थापक सावन क्नौजिया ने बताया कि क्लब के ष्चलो मिलकर एक पौधा रोपेंष अभियान के तहत आज पौधरोपण किया गया है और कहा कि आज हम जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज कर रहे हैं जो कि आत्महत्या करने जैसा है। वैश्विक तापमान में होती वृद्धि आज मनुष्य के प्र ति में अत्यधिक हस्तक्षेप की वजह से ही हो रही है, इसे कम करने के लिए हमें पेड़ लगाने ही होंगे। कॉलोनी के बच्चों को प्र ति मित्र की उपाधि देकर उन्हें पर्यावरण बचाने व जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। पौधारोपण में आज मुख्य रूप से सावन क्नौजिया, काजल, हर्ष राय, जतिन, अजय, प्रियांशु पत्रेवाल, आशीष बिष्ट, विशाल बालाजी, आदि मौजूद रहे।

## प्रकृति को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण जरूरी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर कमिश्नरी चौराहे स्थित महावीर पार्क में पौधारोपण किया गया। क्लब निदेशक आयुष गोयल और पीयूष गोयल ने बताया पेड़-पौधों और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है तो पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण के द्वारा प्र ति को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाता है यदि हमें धरती पर स्वस्थ जीवन व्यतीत करना है तो हमें अधिक से अधिक पौधारोपण और प्रा तिक संसाधनों का संरक्षण करना होगा। धरती मां के संसाधनों का संरक्षण प्र ति के विभिन्न घटकों जल, वायु, मिट्टी, ऊर्जा, खनिज, जीव जंतु आदि को संरक्षित करके धरती की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखा जा सकता है। एक स्वस्थ पर्यावरण एक स्थिर और उत्पादक समाज की नींव है। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों की भलाई के लिए हम सभी को अपने प्रा तिक संसाधनों की रक्षा एवं संरक्षण करना चाहिए। इस दौरान नीम, जामुन, नींबू आंवला, अमरूद, गुलमोहर आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रिंस अग्रवाल आरके गोयल आदि उपस्थित रहे।

दैनिकः– मेरठ दर्पण

मेरठ, गुरूवार
28 जुलाई, 2021

# जनपद की ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सचिवालय की स्थापना

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज, के द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना एवं ग्राम पंचायत में कार्य प्रणाली को प्रभावी तथा पारदर्शी बनाये जाने हेतु पंचायत सहायक एकाउण्टेण्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर का चयन किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आवेदन पत्र सादे कागज पर शैक्षिक अर्हता, आयु एवं जाति सम्बन्धी प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किये जायेंगे। पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट– कम–डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या राज्य सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी। पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट– कम–डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए न्यूनतम आयु चयन की वर्ष की 01 जुलाई को 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए अभ्यर्थी उसी ग्राम पंचायत का निवासी होगा। उन्होने बताया कि आरक्षण की व्यवस्था इस प्रकार होगी कि पंचायत राज अधिनियम में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जो पंचायतें जिस श्रेणी के लिए आरक्षित है, उन पंचायतों में उसी आरक्षित श्रेणी के पंचायत सहायक का चयन किया जायेगा अर्थात् जिन पंचायतों के प्रधान पद अनुसूचित जाति के आरक्षित है, उनमें अनुसूचित जाति का, जिन पंचायतों के प्रधान पद अनुसूचित जनजाति के आरक्षित है, वहां अनुसूचित जनजाति का तथा जिन पंचायतों के प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला, अनुसूचित जाति महिला, पिछडी जाति महिला व महिला के आरक्षित है, वहां उस श्रेणी की महिला अभ्यर्थी चयनित कर पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट–कम–डाटा इन्ट्री आपरेटर नियुक्त किया जाएगा।

## नवाब अली को बनाया गया मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का नगर अध्यक्ष



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** कस्बा भोकरहेडी में समाजवादी पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाजवादी यूथ बिर्गेड के जिलाध्यक्ष ने नगर पंचायत भोकरहेड़ी में नगर अध्यक्ष पद पर नवाब को नियुक्ति पत्र देकर नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। कस्बा भोकरहेड़ी में पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष राशिद मलिक ने कहा कि आने वाले 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने वाली है। भाजपा सरकार ने लोगों को महंगाई के अलावा कुछ नहीं दिया। पेट्रोल, डीजल, खाद, गैस सिलेंडर सहित हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं भाजपा सरकार पूंजी पतियों की जेब भरने में लगी हुई है। भाजपा सरकार किसानों, मजदूरों का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। भाजपा हमेशा समाज को लड़ाने का कार्य करती है। हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा, जिससे भाजपा सरकार को हराया जा सके। आने वाले विधानसभा चुनाव में माननीय अखिलेश यादव किसी भी जाति बिरादरी के लोगों को टिकट देती है तो हम सब को एकजुट होकर उसे वोट करें ताकि आने वाले चुनाव में माननीय अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बना सकें। वहीं उन्होंने नवाब अली को नगर अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र देकर नई जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष नवाब अली ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी पर खरा उतरेंगे तथा समाजवादी पार्टी की नीति को जन जन तक पहुंचाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे तथा 2022 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनवाने के लिए कडी मेहनत करेंगे।

## महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग है योगी सरकार : कपिल देव

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन विभाग मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के प्रयासों के तहत महिलाओं व बच्चों को कुपोषण से बचाया जा रहा है। बुधवार को जिला चिकित्सालय में प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन विभाग मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाल पोषण स्वास्थ्य माह का शुभारंभ किया। विधिवत फीता काटने के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने हाथों से कई बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई। इस मौके पर व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन विभाग मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अत्यंत गंभीर है। जिसके चलते बच्चों के पोषण से जुड़ी कई योजनाएं सरकार की ओर से चलाई जा रही हैं। सरकार की इन योजनाओं में बाल पोषण स्वास्थ्य माह कार्यक्रम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए विटामिन ए अत्यंत जरूरी है। इसलिए सरकार की ओर से बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विटामिन ए की खुराक पिलाने की व्यवस्था की गई है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस दौरान जनपद वासियों से आह्वान किया है कि वह अपने 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विटामिन ए की खुराक जरूर पिलावाएं।

## जिला पंचायत सदस्य ने पानी के बीच चलकर लिया जलभराव का जायजा



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** भारी बारिश के चलते ग्राम हकीमपुरा के मुख्य रास्ते पर हो रहे जलभराव व लोगों के घरों में पानी घुसने की सूचना पर की सूचना पर वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य अमरकांत उर्फ चीकू ने जलभराव के बीच ग्रामीणों के साथ पैदल चलकर जलभराव का जायजा लेते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए के प्रयास किए जायेंगे।

चरथावल विकासखंड के ग्राम हकीमपुरा के मुख्य रास्ते में भारी बारिश के चलते जलभराव हो गया जिससे ग्रामीणों का आना जाना दूभर हो गया। साथ ही ग्रामीणों के घरों में भी पानी घुस गया जिनसे उनका रात में घर में सोना भी दूभर हो गया इसकी सूचना जैसे ही वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य अमरकांत उर्फ चीकू को लगी तो उन्होंने जलभराव का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जाएगी जिला पंचायत सदस्य अमरकांत उर्फ चीकू ने ग्रामीणों के साथ पानी के बीच से कपड़ों की परवाह न करते हुए गुजर कर जलभराव का जायजा लिया इस मौके पर उनके साथ अनेको ग्रामीण मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य अमरकांत उर्फ चीकू ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान सफाई के नाम पर मनरेगा में मोटा पैसा कमाते हैं परंतु तालाब की सही सफाई नहीं करते ग्राम हकीमपुरा की हालात बद से बदतर है अगर इसके हालात नहीं सुधरे तो इस गांव के लिए बहुत विकट स्थिति होगी उन्होंने कहा कि वह इस गांव में हर संभव विकास के प्रयास करेंगे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुयी उद्योग बंधु की बैठक

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** जिला उद्योग बंधु समिति की विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी के0 बालाजी ने कहा कि उद्यमियो की समस्याओ का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जायेगा। उन्होने कताई मिल में औद्योगिक क्षेत्र लगाये जाने के प्रकरण को राज्य स्तरीय कमेटी को अग्रसारित करने के लिए कहा। उन्होने बताया कि नगर निगम टाउन हॉल में मल्टी लेवल पार्किंग बनाने के प्रस्ताव पर कार्य कर रहा है तथा औद्योगिक क्षेत्र में रू0 06 करोड से अधिक के सड़क निर्माण आदि कार्य नगर निगम द्वारा कराये जायेंगें। इस अवसर पर 15 बिन्दुओ पर चर्चा की गयी। उद्योग बंधु की बैठक में ग्राम खडौली में जल भराव की समस्या के निस्तारण के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देषित किया कि वह 15 दिन में स्थल का दौरा कर अपनी आख्या दें। जनपद में नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के विषय पर चर्चा की गयी, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निर्देषित किया गया कि कताई मिल में औद्योगिक क्षेत्र लगाये जाने व उसमें आ रही समस्याओ के निस्तारण के लिए प्रकरण को राज्य स्तरीय उद्योग बंधु कमेटी को अग्रसारित किया जाये। उद्यमियो द्वारा मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र में बायीं तरफ नाला बनाने की मांग पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देषित किया कि वह इसके लिए स्थल का दौरा कर आंगणन प्रस्ताव तैयार कर दें। जिलाधिकारी ने बताया कि उद्यमियो को विभिन्न प्रकार की एनओसी जैसे फायर एनओसी आदि लेने के लिए निवेष मित्र पोर्टल पर आवेदन करना चाहिए। इस पर आवेदन करने से एनओसी सुगमता से उपलब्ध हो जायेगी। उद्यमियों द्वारा मांग की गयी कि एमडीए द्वारा महानगर योजना 2031 बनायी जा रही है इसमें इन्डस्ट्रीयल लैंड यूज क्षेत्रों में जोनल प्लान टाईम बॉड तरीके से पूरा करने का प्रावधान किया जाये जिस पर जिलाधिकारी ने एमडीए के अधिकारियों को निर्देषित किया कि वह इस प्रकरण के संबध में अपनी आख्या उपलब्ध कराये। सहायक नगरायुक्त ब्रजपाल सिंह ने बताया कि नगर निगम औद्योगिक क्षेत्रो में रू0 06 करोड से अधिक की सडके बनायेगा जिसके लिए टेण्डर हो चुका है और जल्द कार्य प्रारंभ होगा। उन्होने बताया कि दिल्ली रोड स्थित क्षेत्रो में जलभराव की समस्या न हो इसके लिए नगर निगम योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेगा। उन्होने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रो मे साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था भी करायी जायेगी। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग वी0के0 कौशल ने किया। इस अवसर पर सीडीओ शषांक चोधरी, अपर जिलाधिकारी वित्त सुभाष चन्द्र प्रजापति, सहायक नगरायुक्त ब्रजपाल सिंह, आरएम यूपीएसआईडीसी सतीश कुमार, एलडीएम संजय कुमार, मुख्य अग्निषमन अधिकारी, उद्यमियों में कमल ठाकुर, राकेश रस्तौगी, सुमनेष अग्रवाल, गिरीश कुमार, रविन्द्र एलन, पंकज कुमार जैन, राजीव सिंघल, निपुण जैन, मतीन अहमद अंसारी सहित अन्य अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

## मेरठ में 108 और 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल पर प्रशासन की सख्ती, बाधा डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** नियमितीकरण और अन्य समस्याओं की मांग को लेकर मेरठ सहित पूरे प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल पर प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी मेरठ के बालाजी ने बताया कि एस्मा लागू होने के बाद हड़ताल असंवैधानिक है। एम्बुलेंस सेवा के संचालन में बाधा आने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार की सख्ती के बाद भी हड़ताल खत्म करने को कर्मचारी तैयार नहीं हैं। राजधानी में सेवा प्रदाता कंपनी ने 11 एम्बुलेंस कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इससे हड़ताली कर्मचारियों में आक्रोश है। कमिश्नर मेरठ ने मंडल के सभी डीएम को पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए कहा है। उधर, मेडिकल कालेज प्रशासन द्वारा परिसर में धरना देने से रोक लगाने के बाद अब सिवाया टोल प्लाजा



पर एंबुलेंस कर्मियों ने धरना शुरू किया। एंबुलेंस सेवा 102 व 108 के कर्मचारी पिछले तीन दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। जिस कारण मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कमिश्नर ने मंडल के सभी जिलाधिकारी, एसएसपी व मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए कहा है। कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह के अनुसार जनपद में कोरोना महामारी के कारण एस्मा लागू है। ऐसी स्थिति में हड़ताल पूरी तरह से अवैध है। कमिश्नर ने निर्देश देते हुए कहा कि एंबुलेंस सेवा 102 व 108 के कर्मचारी जो भी हड़ताल में शामिल हैं ऐसे कर्मियों पर एस्मा एक्ट व अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के अनुसार एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। वहीं जिले के जिलाधिकारी के बालाजी ने बताया कि कर्मचारियों को अपनी समस्याएं रखने का अधिकार है। अगर कोई परेशानी है तो उसको कहने का तरीका है हड़ताल किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर हड़ताली कर्मचारी वापस नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गरीबों के लिए आफत बनी बारिश, निराना गांव में बारिश में कच्चा मकान धराशाही, मलबे में दबने से परिवार के 7 लोग घायल







**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** जनपद में पिछले 24 घंटों से हो रही जबरदस्त बरसात उस समय आफत की बरसात बन गई, जब देर रात निराना गांव में अचानक मकान ताश के पत्तों की तरह बिखर गया, हादसे में घर में सो रहे परिवार के 7 लोग मलबे में दबकर गंभीर घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने हश्वस्पिटल में भर्ती कराया। दरअसल मामला सिखेड़ा थाना इलाके के निराना गांव का है। जहां पिछले 24 घंटे से हो लगातार हो रही बारिश गरीब लोगों के लिए आफत का सबब बन गई। आपको बता दें बुधवार को बारिश के चलते शमशाद पुत्र अब्बास का कच्चा मकान पानी भरने से ताश के पत्तों की तरह बिखर गया, यह हादसा उस वक्त हुआ जब परिवार के मुखिया शमशाद व पत्नी कनीजा और पांच बच्चे जावेद, शाइस्ता, नरगिस, कादिर व साइन घर में तेज बारिश होने के चलते सो रहे थे, तभी अचानक कच्चा मकान भरभराकर गिर जाने से परिवार के सभी सदस्य मलबे के नीचे दब गए। वही अचानक गिरे मकान की आवाज सुनकर गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को जिला हश्वस्पिटल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। मलबे में दबकर शमशाद व पत्नी कनीजा की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जिला चिकित्सालय पहुंचे एसडीएम सदर दीपक कुमार ने घायल परिवार का हाल-चाल जानने के साथ-साथ परिवार की सहायता के लिए गांव में एक टीम भेजी और मुआवजा देने की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं दूसरी और जिले में बारिश से कई स्थानों पर मकान गिरने से कई लोग घायल हो गए। नई मंडी थानाक्षेत्र के बागोवाली की वाल्मीकि बस्ती में बरसात के कारण 2 लोगों के कच्चे मकान गिर गये, इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया! सूचना मिलते ही उधम सिंह सेना की टीम मौके पर पहुंची और मौके पर ही उधम सिंह अध्यक्ष विकास मैडियन ने तहसीलदार से फोन पर बात कर निरीक्षण कर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए कहा । तहसीलदार साहब ने लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया और जल्द ही पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। सिखेड़ा थाना क्षेत्र के निराना में रात से चल रही तेज बारिश से कच्चा मकान गिर जाने से पति पत्नी और 5 बच्चे घायल हो गए। हादसे में पति पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। एसडीएम सदर दीपक कुमार घायल परिवार का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। रात से हो रही बारिश के कारण शहर की सड़कें हुई जलमग्न नालियों की सफाई न होने के कारण सड़कें बनी तालाब घरो में पानी -पानी हो गया है। शहर में रात भर बारिश होती रही। सुबह के समय तेज बारिश हुई। जिस कारण महावीर चौक, शिव चौक, रुड़की रोड, जनकपुरी, रामपुरी, साकेत में जलभराव होने से नागरिकों को परेशानी हुई। शहर से शेरपुर जाने वाले मार्ग पर जलभराव और सड़क टूटने के कारण ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा । गांधी कालोनी, सुभाष नगर, खालापार और सरवट में भारी जल भराव से जिंदगी बेहाल रही। वहीं दूसरी और थाना प्रांगण में खड़ा काफी पुराना पेड़ बारिश के चलते आरक्षी आवास पर जा गिरा पेड़ गिरने से थाने में हड़कंप मच गया थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर बैरक को खाली कराया वही हादसे में कश्वन्स्टेबल बाल बाल बच गए। पिछले 15 घंटों से हो रही बारिश के चलते चरथावल थाना प्रांगण में खड़ा पुराने जमाने का एक पेड़ उखड़ कर आरक्षी आवास पर जा गिरा पेड़ गिरने से थाने में हड़कंप मच गया चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे तथा बैरक के अंदर से पुलिसकर्मियों को सकुशल निकाला चरथावल थाना प्रभारी ने बताया कि किसी भी पुलिसकर्मी को कोई चोट नहीं आई है तथा बैरक को खाली करा दिया गया है।

## मुठभेड़ में चोरों का सरगना गिरफ्तार



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने मुठभेड़ में बिजली मोटर चोरों के शातिर सरगना को पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। पुलिस फरार चोर को तलाश करने में जुटी है। कोतवाली में सीओ शकील अहमद ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि पिमोड़ा रजबाहे की पुलिया के पास बाइक सवार दो चोर चोरी करने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर डीके त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख कर चोरों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाब में फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर चोर थाना भोपा के गांव यूसुफपुर निवासी हसन मियां पुत्र रजी हैदर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी थाना भोपा के गांव किशनपुर निवासी फकरु फरार हो गया। पुलिस ने चोर के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, बाइक, बिजली के मोटर खोलने के औजार सहित 15 किलो 500 ग्राम तांबे का तार बरामद किया। सीओ ने बताया कि पकड़ा गया हसन मियां एक शातिर बिजली मोटर चोरों के गिरोह का सरगना है. जो पूर्व में भी थाना भोपा व अन्य थानों से जेल जा चुका है।

## तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** जिले के आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश की बीते मंगलवार के दिन एसडीएम कार्यालय पर हुई मीटिंग का असर क्षेत्र में बुधवार के दिन देखने को मिला है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अलग अलग तीन स्थानों पर अपना जाल बिछाते हुए तीन शराब तस्करों को अवैध शराब के 66 पव्वों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि बुधवार के दिन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस चौकी प्रभारी विजयपाल सिंह काजला ने अपने अधीनस्थ कांस्टेबल इरफान अली और कांस्टेबल विजय कुमार के साथ खतौली तिराहे पर चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पूछताछ करने के लिए रोका। तलाशी ली तो उसके पास से थेले में 20 पव्वे अवैध देशी शराब तोहफा के मिले। उसने अपना नाम सोमपाल ग्राम अलीपुर अटेरना बताया। इसके अलावा परासौली



पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कांस्टेबल नवीन बैंसला के साथ गांव परासौली की और जाने वाले रास्ते पर राजवाहे की पुलिया पर गश्त करते हुए एक संदिग्ध युवक को रोका। पुलिस ने उसके पास से भी अवैध शराब तोहफा के 20 देशी पव्वे बरामद किए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मुकेश पुत्र अतर सिंह ग्राम जौला बताया। तीसरी ओर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने कांस्टेबल इरफान अली और कांस्टेबल सुमित कुमार के साथ प्राइमरी स्कूल नंबर तीन की नहर की पटरी परासौली की ओर गश्त करने के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस टीम ने तोहफा मार्का के अवैध शराब के 26 देशी पव्वे बरामद किए। पुलिस को पकड़े गए युवक ने अपना नाम ओमवीर पुत्र ओम प्रकाश ग्राम जौला बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ अवैध शराब रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया है। पुलिस के इस अभियान से अन्य शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है और वे भूमिगत हो गए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने मीडिया को बताया कि अवैध शराब का कारोबार क्षेत्र में किसी भी सूरत में नहीं करने दिया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ उनका यह धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने '**मेरठ दर्पण**' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक- अंकित गुप्ता** **RNI NO. UPHIN 2016/69845** **फोन** 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।